नगर निगम ने बनाई 'नेकी की दीवार'

शाहजहाँपुर,24 फरवरी (तरुणमित्र)। आज उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मंडल, शाहजहाँपुर ने सराहनीय पहल करते हुए नगर निगम कार्यालय परिसर में नेकी की दीवार पर नए व पुराने कपड़े देकर सहयोग किया। महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम की अगुआई में व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों ने अपने घरों से नये व पुराने कपड़े इकठ्ठा करके नगर निगम में बनी नेकी की दीवार ऊपर टांग दिये।

जिसका विधिवत उद्घाटन सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता, उप नगर आयुक्त आशुतोष दुबे ने किया। देखते ही देखते व्यापार मंडल के सदस्यों द्वारा कपड़ों का अंबार लग गया तथा दीवार पर बच्चों, बूढ़ों महिलाओं सभी के लिए कपड़े उपलब्ध हो गए इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम बताया कि 'कपड़ा बैंक महानगर कार्यालय पर बना दी गई है जो भी इच्छुक व्यक्ति अपना सहयोग करना चाहता है वह स्वयं आकर कपड़े दे सकता है अथ्वा फोन द्वारा सूचित कर सकता है व्यापार मंडल स्वम बताऐ हुऐ पते से कपड़ा प्राप्त कर लेगा। नेकी की दीवार पर प्रतिदिन नगर निगम व व्यापार मंडल द्वारा कपड़ों की देखभाल की जायगी तथा यह व्यवस्था चलती रहेगी।

इस अवसर पर ज़िले की स्वच्छता प्रभारी सुश्री अल्पना श्रीवास्तव, व्यापार मंडल के युवा ज़िला अध्यक्ष उवैस हसन खां, महानगर अध्यक्ष अमित शर्मा, विनय प्रताप सिंह , अशोक गुप्ता, पंकज टंडन , अनुज अग्रवाल, हनी सिंह, मो. नासिर, लकी खां, फुरकान खां आदि मौजूद रहे ।